हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
6 अप्रैल 2024, समय 1305

निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सऐप पर साझा किए जा रहे उस संदेश को गलत बताया है, जिसमें 15 लाख ई.वी.एम. गायब होने का दावा किया गया है।

एक सोशल मीडिया पोस्ट में निर्वाचन आयोग ने कहा कि यह दावा भ्रामक है। आयोग ने यह भी बताया कि एक भी ई.वी.एम गायब नहीं हुई है और सर्वोच्च न्यायालय ने भी ई.वी.एम अनियमितता वाली याचिका को खारिज कर दिया है। आयोग ने विश्वसनीय सूचना के लिए निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट देखने को कहा है।

....

भारतीय जनता पार्टी आज अपना स्थापना दिवस मना रही है।

पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज फरीदाबाद में पार्टी कार्यालय अटल कमल पर ध्वज फहराया और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इससे पहले उन्होंने सैक्टर 15 के गुरूद्वारे में जाकर माथा टेका।

श्री नायब सिंह सैनी के मुख्यमंत्री बनने के बाद आज पहली बार फरीदाबाद आने पर विभिन्न जगह उनक अभिनंदन किया गया। बल्लभगढ़ और पृथला में भी उनका नागरिक अभिनंदन किया जायेगा, जिसके बाद वे होडल में विजय संकल्प रैली को संबोधित करेंगे।

....

आज कुरूक्षेत्र के थीम पार्क के सामने ताऊ देवी लाल चौक पर पूर्व उप मुख्यमंत्री चौधरी देवी लाल की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान इंडियन नेशनल लोकदल के वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे।

....

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के घोषणापत्र को झूठ का पुलिंदा बताया है।

नई दिल्ली में पार्टी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि यह घोषणा पत्र मतदाताओं को भ्रमित करने के लिए बनाया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनावों के लिए अपने घोषणापत्र के किसी भी वायदे को पूरा नहीं किया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र के जल प्रबंधन के एक पृष्ठ पर अमरीका के न्यूयॉर्क की बफेलो नदी की तस्वीर लगाई है। श्री त्रिवेदी ने कहा कि घोषणा पत्र को न्याय पत्र बताने वाली कांग्रेस ने अब देश के साथ अन्याय किया है।

....

हरियाणा में चुनाव प्रचार धीरे धीरे जोर पकड़ रहा है।

विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा लोगों से संपर्क किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी विजय संकल्प रैलियों के माध्यम से न केवल अपने उम्मीदवार के साथ पक्ष में वोट मांग रही है, बल्कि अपने कार्यकर्ताओं में भी जोश भर रही है।

हिसार लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रणजीत सिंह कल जींद में बार एसोसिऐशन के ऑडिटोरियम में जिलेभर के वकीलों से मिले और उनसे अपने हक में अपने अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक प्रचार करने की अपील की। उन्होंने कहा कि वो 10 वर्षों में हुए विकास के नाम पर जनता के बीच जाकर वोट मांग रहे हैं। उन्होंने उचाना में भी कई कार्यक्रमों को संबोधित किया।

....

हरियाणा में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए स्वीप अभियान के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।

जींद से हमारे संवाददाता ने बताया है कि 'चुनाव का पर्व देश का गर्व' के शीर्ष वाक्य को साकार करने के लिए प्रयासरत चुनाव कार्यालय द्वारा अब मतदान प्रतिशत में वृद्धि को लेकर चलाई गई मुहिम को ग्रामीण अंचल तक ले जाया गया है। इसी कड़ी में आज जींद जिले के जुलाना उपमंडल के गांव मालवी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई और नारों के माध्यम से लोगों को मतदान के महत्व के बारे में बताया गया। स्कूल के शिक्षकों ने गांववासियों को मतदान में बढ़ चढ़कर भाग लेने का संदेश भी दिया। इसी प्रकार पलवल में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय द्वारा भी एक जागरूकता रैली निकाली गई।

रैली में शामिल शिक्षक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि यह रैली, स्वीप कार्यक्रम के तहत निकाली गई। पलवल कैंप में विद्यालय परिसर से शुरू हुई रैली, आगरा चौक से होती हुई वापिस विद्यालय पहुंची।

रैली के माध्यम से युवाओं कसे अपना वोट बनवाने और मतदान में बढ़ चढ़कर भाग लेने का संदेश दिया गया।

....

पानीपत के चांदनी बाग स्थित कंबल के लिए पॉली बैग बनाने वाले कारखाने में सुरक्षा मानक पूरे न होने पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

उल्लेखनीय हहै कि कल देर रात इस तीन मंजिला कारखाने में आग लग गई थी और कारखाने में पड़े रसायन से हुए धमाकों से कारखाने की दीवार भी ध्वस्त हो गई।

पानीपत प्रशासन द्वारा आस-पास के मकानों को खाली करवाया गया और दमकल विभाग की 15 गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कारखाने में काम कर रहे 50 से अधिक मजदूर भाग कर जान बचाने में सफल रहे।

....

हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी द्वारा हरियाणा के अधिवासी लेखकों से श्रेष्ठ साहित्यिक कृति पुरस्कार योजना, पाण्डुलिपि प्रकाशन प्रोत्साहन योजना, कहानी प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, नाटक प्रतियोगिता के लिए 15 मई तक प्रविष्टियां आमंत्रित की गई है।

हिन्दी, संस्कृत, हरियाणवी, अंग्रेजी, पंजाबी, तथा उर्दू भाषाओं में लिखने वाले सभी लेखक अप नी साहित्यिक कृतियां या पाण्डुलिपियां अकादमी को भेज सकते हैं।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि अकादमी द्वारा वर्ष 2024 से हिन्दी, संस्कृत, हरियाणवी, तथा पंजाबी भाषा में पहली बार नाटक प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं कहानी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इन सभी पुरस्कार योजनाओं एवं प्रतियोगितोओं की विस्तृत नियमावली तथा आवेदन के लिए अपेक्षित प्रपत्र अकादमी की वेबसाइट https://haryanaakademi.ac.in/ पर उपलब्ध हैं।

....